# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

**श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज **दिनांक 13-11-2023** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-मारपीट व जानलेवा हमला करने के 04 आरोपी गिरफ्तार, थाना मैनाठेर-**



अवगत कराना है कि दिनांक 12-11-2023 को वादी श्री मौ0 उवैस पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम मलकपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा बन्दूक, लाठी, डंडे व तबल आदि से वादी व परिजनों के साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट करने तथा प्रतिवादी अनीस द्वारा जान से मारने की नीयत से वादी के भाई को एक नाली बन्दूक से गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर देने के संबंध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-355/23 धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504 भादवि पंजीकृत किया गया है। विवेचनात्मक कार्रवाई के क्रम में आज दिनांक उ0नि0 श्री वेदपाल थाना मैनाठेर द्वारा मय पुलिस बल मारपीट व गोली मार कर घायल करने के 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम व पता-**

1.अनीस पुत्र जफीर अहमद
2.फईम उर्फ फहीम पुत्र जहीर
3.नदीम पुत्र जहीर
4.शहजाद पुत्र जहीर निवासीगण ग्राम मलकपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद।